समाचार

# पौने 04 करोड़ रू. के विकास कार्यो की मिलेगी सौगात

## (विधानसभा अध्यक्ष करेंगे विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण, राजस्व मंत्री, सांसद एवं महापौर का रहेगा गरिमामय आतिथ्य)

कोरबा 11 नवम्बर 2019 —नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वार्डो में कल 12 नवम्बर को पौने 04 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता एवं सांसद ज्योत्सना महंत, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान इन विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण किया जाएगा। 12 नवम्बर मंगलवार को पहला कार्यक्रम सायं 05 बजे वार्ड क्र. 14 अंतर्गत पम्प हाउस मैगजीनभांठा के पास नवनिर्मित सामुदायिक भवन परिसर में रखा गया है, इसी प्रकार दूसरा कार्यक्रम सायं 06 बजे बालको जोन कार्यालय के समीप आयोजित किया गया है, उक्त भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम में सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी.के सदस्यगण एवं वार्डपार्षदगण अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे उक्त भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।